# 4. वस्तुओं के समूह बनाना

**प्रश्न 1: कोमल पदार्थ किसे कहते है ?**
उत्तर - वे पदार्थ जिन्हें आसानी से संपीडित किया अथवा खरोंचा जा सकता है, कोमल पदार्थ कहलाते हैं। उदाहरण के लिए रुई अथवा स्पंज कोमल हैं,

**प्रश्न - कठोर पदार्थ किसे कहते है ?**
उत्तर - जबकि अन्य पदार्थ जिन्हें संपीडित करना कठिन होता है, कठोर पदार्थ कहलाते हैं।
उदाहरण के लिए लकड़ी कठोर है।

**प्रश्न - विलेय पदार्थ किसे कहते है ?**
उत्तर - वे पदार्थ जो जल में पूर्णतः घूल जाते है या लुप्त हो जाते है जल में विलेय पदार्थ कहलाते है। जैसे नमक, चीनी, आदि।

**प्रश्न - अविलेय पदार्थ किसे कहते है ?**
उत्तर - वे पदार्थ जो जल में पूर्णतः नहीं घूलते या गिलास में विलोड़ित करने पर भी जल में लुप्त नहीं होतें अविलेय पदार्थ कहलाते है। जैसे रेत, काँच आदि।

**प्रश्न - पारदर्शी किसे कहते है ?**
उत्तर - वह पदार्थ जिससे जिसके अंदर से आर पार देखा जा सके पारदर्शी कहलाता हैं।
जैसे - काँच ।

**प्रश्न - अपारदर्शी किसे कहते है ?**
उत्तर - वह पदार्थ जिससे जिसके अंदर से आर पार नहीं देखा जा सके अपारदर्शी कहलाता हैं। जैसे लकड़ी, प्लास्टिक आदि।

**प्रश्न - पारभासी किसे कहते है ?**
उत्तर - ऐसे पदार्थों, जिनसे होकर वस्तुओं को देख तो सकते हैं, परंतु बहुत स्पष्ट नहीं देखा जा सकता, उन्हें पारभासी कहते हैं।
जैसे - पोलीथीन, तेल लगा कागज आदि।

**प्रश्न - हम वस्तुओं को समुहों में क्यों बाँटते है ?**
उत्तर - वस्तुओं को सुविध तथा उनके गुणों के अध्ययन के लिए एक साथ समूहों में बाँटा जाता है।

**प्रश्न - निम्नलिखित में समूह में मेल न खाने वाला ज्ञात कीजिए:**
(क) कुर्सी, पलंग, मेज, बच्चा, अलमारी
(ख) गुलाब, चमेली, नाव, गेंदा, कमल
(ग) ऐलुमिनियम, आयरन, ताँबा, चाँदी, रेत
(घ) चीनी, नमक, रेत, कॉपर सल्पेफट
उत्तर -
(क) बच्चा
(ख) नाव
(ख) रेत
(ख) रेत

**प्रश्न - समूहन के कोई तीन लाभ लिखिए।**

उत्तर -

(i) पदार्थों का समूहन अपनी सुविध वेफ लिए करते हैं।

(ii) समूहन व्यवस्था द्वारा हम आसानी से उनका पता लगा सकते हैं।

(iii) पदार्थों को इस प्रकार समूहों में बाँटकर उनवेफ गुणों का अध्ययन किया जाता है।